रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 376] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 27, 2017/आश्विन 5, 1939
No. 376] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 27, 2017/ASVINA 5, 1939

द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 सितम्बर, 2017

सं.जी/18–सीडब्ल्यूए/9/2017.—कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स अधिनियम, 1959 की धारा 18 की उपधारा 5 के अनुसरण में 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए संस्थान की परिषद की वार्षिक रिपोर्ट और उक्त संस्थान के लेखा परीक्षित लेखों को एतद्द्वारा सर्वसाधारण की सूचना हेतु प्रकाशित किया जाता है।

सीएमए कौशिक बनर्जी, सचिव

[विज्ञापन सं. III/4/असाधारण/243/17]

58वीं वार्षिक रिपोर्ट, 2016–17

दि काउंसिल ऑफ द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया को इस संस्थान के भागों, समितियों, क्षेत्रों की उपलब्धियों और क्रियाकलापों तथा अध्यायों का उल्लेख करते हुए इस 58वीं वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

निदेशालय और इसके कार्यकलाप

1. लागत लेखांकन मानक बोर्ड (सीएएसबी)

सीएमए बलविन्दर सिंह, परिषद सदस्य की अध्यक्षता में वर्ष 2016–17 के दौरान लागत लेखांकन मानक बोर्ड की 4 (चार) बैठकें आयोजित की गईं। बोर्ड ने वर्ष 2016–16 की अवधि के लिए रोडमैप को भी अंतिम रूप दिया, जिसमें पहले से जारी सीएएस में संशोधन, सीएएस की प्रस्तावना में संशोधन, नए सीएएस तथा तत्संबंधी मार्गदर्शी टिप्पणियों को तैयार करना और मौजूदा लागत लेखांकन मानकों पर इंडएस और जीएसटी के प्रभाव का पता लगाना शामिल है।

लागत लेखांकन मानक बोर्ड की सिफारिशों पर संस्थान की परिषद ने ''लागत लेखांकन मानकों का सीमित संशोधन (सीएएस)'' करने का अनुमोदन कर दिया था। लागत लेखांकन मानक बोर्ड ने मौजूदा लागत लेखांकन मानकों का अनुच्छेद–वार–अनुच्छेद का गहन विश्लेषण करने के बाद लागत लेखांकन मानकों (सीएएस–6, सीएएस–7, सीएएस–12, सीएएस–16 और सीएएस–17) का संशोधन किया था। इनके अतिरिक्त उपरोक्त सीएएस में परिवर्तन होने के कारण उनके परिणामी प्रभाव पडे थे और तदनुसार लागत लेखांकन मानकों (सीएएस–8, सीएएस–9, सीएएस–10, सीएएस–11,सीएएस–12, सीएएस–13, सीएएस–14, सीएएस–20, सीएएस–21 सीएएस–23 और सीएएस–24) में भी मामूली परिवर्तन किए गए थे। लागत लेखांकन मानकों के सीमित संशोधन और संशोधित लागत लेखांकन मानक डाउनलोड करने के लिए संस्थान की बेवसाईट

http://icmai.in/CASB/index.php पर उपलब्ध हैं। संशोधित लागत लेखांकन मानक 1अप्रैल, 2017 को अथवा उसके बाद तैयार किए जाने वाल लागत विवरणों के लिए लागू होंगे।

2. लागत लेखा परीक्षा एवं आश्वासन मानक बोर्ड (सीएएएसबी)

लागत लेखा परीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड ने सीएमए पी. राजू अय्यर की अध्यक्षता में वर्ष 2016–17 के दौरान 4 बैठकें की।

(1) लागत लेखांकन मानक/लागत लेखा–परीक्षा मानक : परिषद ने लागत लेखांकन और आश्वासन मानक बोर्ड की सिफारिशों पर ''लागत लेखा–परीक्षा मानक'' और ''लागत लेखा–परीक्षा के मानकों'' का पारस्परिक रूप से उपयोग करने का अनुमोदन कर दिया है। साथ ही परिषद ने ''लागत लेखा–परीक्षा के मानकों'' (एससीए) में परिभाषा को शामिल करने का भी अनुमोदन कर दिया है, जो कि संस्थान द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (3) के अनुरूप केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के बाद जारी की जाएगी। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए लागत लेखा परीक्षा एवं आश्वासन मानक बोर्ड की संशोधित प्रस्ताावना का भी परिषद ने अनुमोदन कर दिया है।

(2) लागत लेखा–परीक्षा मानकों पर व्यावहारिक मार्गनिर्देशन : लागत लेखा–परीक्षा के प्रत्येक मानक में आवश्यकताओं पर लागू दिशा–निर्देश निहित हैं। इसके बावजूद व्यावहारिक अभिधान को समझने के लिए व्यापक विवरण प्रस्तुत करने के लिए लेखा परीक्षा एवं आश्वासन मानक बोर्ड लागत लेखा–परीक्षा पर व्यावहारिक दिशानिर्देश जारी करना आवश्यक समझता है। ''लागत लेखा–परीक्षा मानकों पर व्यावहारिक मार्गनिर्देशन'' (एससीए) 101–लेखा विवरणों की लेखा–परीक्षा आयोजना को संस्थान की बेवसाईट पर उपलब्ध कराया गया है। स्टेकहोल्डारों से प्राप्त टिप्पणियों/सुझावों के आधार पर बोर्ड ने व्यापक ''लागत लेखा–परीक्षा मानकों पर व्यावहारिक मार्गनिर्देशन'' (एससीए) 101–119 का अनुमोदन किया है और यह डाउनलोड करने के लिए संस्थान की बेवसाईट पर उपलब्ध है।

(3) लागत लेखा–परीक्षा मानकों पर निरंतर पूछे जाने वाले प्रश्न (एससीए पर एफएक्यू) : बोर्ड ने लागत लेखा–परीक्षा मानकों पर निरंतर पूछे जाने वाले प्रश्न (एससीए पर एफएक्यू) का अनुमोदन कर दिया है। इन पर स्टेकहोल्डारों से टिप्पणियां/सुझाव प्राप्त हो गए हैं। लागत लेखा–परीक्षा मानकों पर निरंतर पूछे जाने वाले प्रश्न (एससीए पर एफएक्यू) का अंतिम विवरण संस्थान की बेवसाईट पर उपलब्ध करा दिया जाएगा

(4) लागत लेखा–परीक्षा मानकों पर मानक तकनीकी समिति : संस्थान द्वारा कारपोरेट कार्य मंत्रालय को प्रेषित किए गए लागत लेखा–परीक्षा (एससीए) के 15 मानकों के प्रत्युत्तर में कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने उपरोक्त एससीए की जांच करने के लिए ''लागत लेखा–परीक्षा मानकों पर मानक संबंधी स्थाई तकनीकी समिति'' का गठन किया है। संस्थान का वरिष्ठ निदेशक (तकनीकी) भी इस समिति का सदस्य है। इस समिति ने 5 एससीए की जांच कर ली है और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (3) के अंतर्गत इन पांच एससीए 105–109 का अनुमोदन करने के लिए कारपोरेट कार्य मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

(5) क्षेत्र विशिष्ट अध्ययन : कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने संस्थान को विस्तार से अध्ययन करने और बन्दरगाहों, विमानपत्तनों और एयरलाईन्स तथा मार्गों और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं और निर्माण उद्योग के प्रचालनों पर टिप्पणियां प्रस्तुत करने के साथ–साथ उसके मॉडल लागत विवरणों को प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उनका उपयुक्त कवरेज सुनिश्चित करने के विचार से कंपनी (कॉस्ट रिकार्डस और लेखा–परीक्षा) नियम, 2014 में इन क्षेत्रों के विवरण को सुव्यवस्थित बनाने के लिए ऐसे अध्ययन करने की आवश्यकता है।

3. गुणवत्ता समीक्षा बोर्ड (क्यूआरबी)

श्री शक्ति सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 24 मई, 2016 को गुणवत्ता समीक्षा बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है। इस संशोधित गुणवत्ता समीक्षा बोर्ड में अन्य सदस्यों में सीएमए नरेन्द्र कुमार भोला, सीएमए प्रवीर कुमार (जिन्हें 6 सितंबर, 2016 को सुश्री वी. राय चौधरी के स्थान पर नामित किया गया है), सीएमए सिवारमण गोपालकष्णन और सीएमए कुणाल बनर्जी शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2016–17 में संशोधित गुणवत्ता समीक्षा बोर्ड की दो बैठकें हुई हैं।

4. परीक्षा निदेशालय

फाउंडेशन, मध्यवर्ती, अंतिम और डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए वर्ष में जून और दिसंबर माह में दो बार परीक्षा का आयोजन किया गया था। ऐसी परीक्षा जून, 2016 में 118 परीक्षा केन्द्रों, जिनमें 3 विदेशी केन्द्र शामिल हैं और दिसंबर, 2016 में 116 परीक्षा केन्द्रों, जिनमें 3 विदेशी केन्द्र शामिल हैं, आयोजित की गई थी। जून, 2016 में आयोजित परीक्षा में 45,852 अभ्यर्थियों ने और दिसंबर, 2016 में आयोजित परीक्षा में 47,923 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। परीक्षा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों और सभी संबंधित अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता से सभी परीक्षाओं के परिणाम समय सारणी का अनुपालन करते हुए और मानकों के समनुरूप सुचारू रूप से प्रकाशित किए गए थे। परीक्षा की शर्तों के अनुसार जून, 2016 और दिसंबर, 2016 में आयोजित परीक्षाओं के लिए अंकों के सत्यापन के परिणाम संस्थान की बेवसाईट (www.icmai.in) पर उपलब्ध करा दिए गए थे।

5. अध्ययन और शिक्षाविद निदेशालय

टी एण्ड ई एफ समिति ने वर्ष 2016–17 के दौरान निम्नलिखित क्रियाकलाप पूरे किए :– (क) अर्थात अध्ययन निदेशालय – अध्ययन निदेशालय को छात्रों के प्रशासन और हितधारकों (अर्थात क्षेत्रीय परिषद/चैप्टर/सीएमएएससी) के साथ जन संपर्क से संबंधित क्रियाकलाप सौंपे गए हैं और (ख) शैक्षणिक–शैक्षणिक विभाग को गुणतापरक सुधार और कौशल विकास उपायों के माध्यम से क्षमता निर्माण का कार्य सौंपा गया है। कई क्रियाकलाप ऐसे थे, जो दोनों विभागों द्वारा संयुक्त रूप से सहयोग करके और प्रभावी पर्यवेक्षण करके पूरे किए गए।

- **पाठ्यक्रम 2016 शुरू करना –सफलता की दिशा में यात्रा :** 1 अगस्त, 2016 से पाठ्यक्रम 2016 शुरू किया गया है। पाठ्यक्रम 2016 का डिजायन ऐसे भावी युवा व्यवसायिकों को प्रेरित करने के लिए बनाया गया है, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों क्षेत्रों में गुणात्मक और कौशल विकास उपायों द्वारा प्रभावशाली ढंग से नीतिगत प्रबंधन करके ''मेक इन इंडिया'' के स्वपन को साकार करने में सक्षम हैं। पाठ्यक्रम 2016 आईएफएसी (अंतरराष्ट्रीय लेखाकार परिसंघ) और आईएसईबी (अंतरराष्ट्रीय लेखांकन शिक्षा मानक बोर्ड) और आईईसी (अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मार्गनिर्देशन) द्वारा प्रारंभिक व्यवसायिक विकास – व्यवसाय कौशल (संशोधित) द्वारा निर्धारित अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित है।

❖ **मध्यवर्ती पाठ्यक्रम के लिए क्षेत्र–वार पंजीकरण :**

वर्ष 2016–17 के दौरान मध्यवर्ती पाठ्यक्रम के लिए पंजीकृत किए गए छात्रों की संख्या निम्नानुसार है:–

वर्ष	डब्ल्यूआईआरसी	एसआईआरसी	ईआईआरसी	एनआईआरसी	कुल
2013–14	7523	10175	4769	5119	27586
2014–15	5194	8733	3273	3803	21003
2015–16	3306	7133	2378	2677	15494
2016–17	2922	6397	2179	2193	13691

❖ **फाउंडेशन पाठ्यक्रम में क्षेत्र–वार प्रवेश :**

वर्ष	डब्ल्यूआईआरसी	एसआईआरसी	ईआईआरसी	एनआईआरसी	कुल
2013–14	3043	4734	2476	3669	13922
2014–15	2657	5366	2046	2961	13030
2015–16	2204	5442	1834	2452	11932
2016–17	2003	4663	1895	2040	10601

❖ **समाजिक उत्तरदायित्व :**

- सीएमए पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले दिव्यांग छात्रों को शुल्क की प्रतिपूर्ति/शुल्क से छूट।
- आर्थिक रूप से कमजोर और प्रतिमाशाली छात्रों के लिए शुल्क से छूट और छात्रवृत्ति।
- अल्पसंख्यक आयोग सीएमए पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले छात्रों को सहायता प्रदान करता है।
- सामाजिक नेटवर्किंग मीडिया द्वारा सहयोग प्राप्त करना।
- देशभर में जीवनवृति जागरूकता कार्यक्रम का संचालन करना।

6. आंतरिक शिकायत समिति

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के संदर्भ में नियम 14 के तहत की गई परिकल्पना के अनुसार आईसीएआई की आंतरिक शिकायत समिति दिनांक 1.1.2016 से 31.12.2016 तक की अवधि की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना चाहती है, जो इस प्रकार है :–

वर्ष के दौरान (1 जनवरी, 2016 से 31 दिसंबर, 2016 तक) यौन उत्पीड़न की शिकायतों की संख्या	2
वर्ष के दौरान (1 जनवरी, 2016 से 31 दिसंबर, 2016 तक) निपटाई गई शिकायतों की संख्या	शून्य
90 दिनों से अधिक समय तक लंबित रहे मामलों की संख्या	शून्य
वर्ष के दौरान (1 जनवरी, 2016 से 31 दिसंबर, 2016 तक) यौन उत्पीड़न के संबंध में की गई कार्यशालाओं अथवा जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या	6
नियोक्ता द्वारा की गई कार्रवाई की प्रकृति	लागू नहीं

7. व्यावसायिक विकास निदेशालय (पीडी)

❖ **सरकार, पीएसयू, बैंकों और अन्य संगठनों का प्रतिनिधित्व :** व्यावसायिक विकास निदेशालय ने लेखाओं/समवर्ती लेखा–परीक्षा/कर निर्धारण, स्टॉक का मूल्यांकन और अन्य कार्यों के क्षेत्रों में व्यवसायिक सेवाएं प्रदान करने के लिए लागत लेखाकारों को शामिल करने के लिए विभिन्न संगठनों को 800 से भी अधिक अभ्यावेदन भेजे हैं। व्यवसायिक सेवाओं के लिए सीएमए पर विचार करने वाले संगठनों की पूरी सूची व्यावसायिक विकास निदेशालय के पोर्टल पर उपलब्ध है और इस सूची का नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है।

विशेष उपलब्धियां : इस संबंध में व्यावसायिक विकास निदेशालय की कुछेक विशेष उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:–

(1) महाराष्ट्र में सहकारी चीनी फैक्टरियों में लागत लेखा–परीक्षकों का चयन करना और उनका पैनल बनाना। चीनी आयुक्त, महाराष्ट्र ने महाराष्ट्र में चीनी फैक्टरियों में लागत लेखा–परीक्षा करने के लिए लागत लेखाकारों/लागत लेखाकारों की फर्मों का पैनल बनाने के लिए हित की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करने के लिए निविदा जारी की है।

(2) हमारे अभ्यावेदनों के आधार पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुद्धि पत्र जारी किया है और कर सलाहकार के लिए निविदा नोटिस में लागत लेखाकारों को शामिल किया है।

(3) भारतीय बैंक संघ ने बैंकिंग उद्योग में 50 करोड रूपए तक और 50 करोड रूपए से अधिक की धोखाधडी के मामलों की फोरेंसिक जांच करने से संबंधित कार्य करने के लिए अपने पैनल में लागत लेखाकारों को शामिल किया है।

(4) लागत लेखाकारों को महाराष्ट्र सहकारी समितियां (तीसरा संशोधन) अधिनियम, 2016 द्वारा महाराष्ट्र राज्य में सहकारी समितियों की वित्तीय लेखा–परीक्षा करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

(5) सेबी ने ''मूल्यकर्ता'' की परिभाषा में लागत लेखाकार को मान्यता दी है तथा सिक्युरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (रिअल इस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स) विनियमन, 2014 और सिक्युरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स) विनियमन, 2014 में संशोधन किया है।

(6) राष्ट्रीय सिक्युरिटीज डिपोजिटरी लिमिटेड ने पंजीकृत ई–इंटरमिडियरीज के लिए व्यवसायिक लागत लेखाकारों को शामिल करने के लिए अपनी बेवसाईट को अद्यतन बनाया है।

❖ **वित्त मंत्रालय में प्रतिनिधित्व**

❖ **बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीआई) में प्रतिनिधित्व**

❖ **शहरी विकास मंत्रालय में प्रतिनिधित्व**

❖ **व्यावसाय के कार्य क्षेत्र का संवर्धन करने के लिए विभिन्न प्राधिकारियों के साथ बैठकें करना**

❖ **समसामयिक विषयों पर संगोष्ठियां :**

- ✓ 13 सितंबर, 2016 को बीकानेर में भारत में निर्माण करने के पहल प्रयास में तेजी लाने के लिए सीएमए की भूमिका विषयकं संगोष्ठी।
- ✓ 29 मई, 2017 को बीकानेर में एनआईआरसी और बीकानेर–झुनझुनु चैप्टर के साथ सहयोग करने में जीएसटी विषयक संगोष्ठी।
- ✓ 19 जनवरी, 2017 को पुणे में चीनी उदयोग तकनीकी और लागत प्राचल विषयक संगोष्ठी।
- ✓ 23 मार्च, 2017 को दिल्ली में राष्ट्रीय सुस्थिर इन्फ्रास्ट्रक्चर अधिवेशन।
- ✓ 14 अप्रैल, 2017 को थाणे में सहकारी लेखा परीक्षा पर संगोष्ठी।

❖ **मार्गनिर्देशन संबंधी टिप्पणियां :**

- ✓ वाणिज्यिक बैंकों के समवर्ती लेखा परीक्षा पर मार्गनिर्देशन संबंधी टिप्पणी।
- ✓ वाणिज्यिक बैंकों की जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा पर मोनोग्राफ।
- ✓ वाणिज्यिक बैंकों के कोषीय कार्यों कीआंतरिक लेखा परीक्षा पर मोनोग्राफ।

❖ **मंत्रालयों/विनियामकों द्वारा जारी किए गए विभिन्न नियमों/विनियमों पर टिप्पणियां/सुझाव :**

- ✓ सेंबी को सुझाव।
- ✓ हित की अभिव्यक्ति –उर्वरक विभाग
- ✓ विदेशी मुद्रा प्रबंधन(क्रोस बोर्डर मर्जर) विनियमन, 2017–मसौदा विनियमन पर टिप्पणियां/सुझाव।
- ✓ रिअल इस्टेट कारोबार पर मसौदा आय परिकलन और प्रकटन मानक (आईसीडीएस) पर टिप्पणियां/सुझाव।
- ✓ केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, भारत सरकार की संशोधित कर दाता सेवाओं पर फीडबैक।
- ✓ पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी)।

❖ **सदस्यों के साथ संबंध**

8. विधि विभाग

संस्थान का विधिक विभाग संस्थान के विभिन्न निदेशालयों और विभागों की विधिक सहायता संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता प्रदान करता है। वर्ष 2016–2017 के दौरान विभाग के प्रमुख क्रियाकलाप इस प्रकार हैं :–

- वकीलों के साथ संपर्क/समन्वयन करना ।
- समग्र भारत आधार पर वकीलों की सूची तैयार करना ।
- समझौता ज्ञापन और विभिन्न करारों के मसौदों को तैयार करना।
- संपत्ति से संबंधित मामलों में चैप्टरों और अन्य विभागों के साथ समन्वयन करना।
- निविदा की निबंधन एवं शर्तों की पुनरीक्षा करना।
- विवाद की स्थिति में भेजे जाने वाले उत्तरों के प्रारूप को तैयार करना/पुनरीक्षा करना।
- कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय और अन्य प्राधिकारियों के साथ संपर्क/बातचीत करने के लिए संबंधित प्राधिकारी की मदद करना।
- आरटीआई मामले।

9. मानव संसाधन विकास

किसी भी संगठन के मानव संसाधन विकास की सफलता की कहानी उसके मानव संसाधनों की जानकारी और कौशल का निरंतर विकास करने और उसको बनाए रखने तथा उसको संप्रेरित करने में उसके सामर्थ्य पर निर्भर करती है। इसलिए इस वर्ष भी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता अधिक सुगम ओर आधुनिक प्रोद्योगिकियों से सुसज्जित कुशल कार्यबल विकसित करने की थी। क्षेत्रीय परिषदों और चैप्टरों सहित समूचे संस्थान के कर्मचारियों की क्षमताओं को लक्षित कौशल आधारित कार्यक्रम से सुदृढ बनाया गया है, जो कि मुख्यतया संचारण और व्यवसायिक कौशल में सुधार लाने पर संकेन्द्रित होंगी।

इसके अतिरिक्त मानव संसाधन पहल प्रयासों का उददेश्य उसके आंतरिक उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करना और उनको समय पर परामर्श देना था। निदेशालयों की आवश्यक्ताओं को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए विभिन्न निदेशालायों में संगठन की क्षमता की पुनरीक्षा और अपेक्षित क्षमता की तुलना में बेशी की पहचान करके स्टाफ की क्षमता और उपलब्धता का निर्धारण करने के लिए किए गए पहल प्रयासों से यथाशीघ्र वांछित परिणाम प्राप्त होने की आशा है। कर्मचारियों को नियुक्त करने और कर्मचारी के साथ संपर्क स्थापित करने के संबंध में अनेक पहल प्रयास किए गए हैं।

10. अनुसंधान और जर्नल निदेशालय

- ✓ यूजीसी प्रायोजित राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियां।
- ✓ संस्थान द्वारा **"लेखांकन और वित्त में उभरते मुददों"** के विषय पर आधारित विद्यासागर विश्वविद्यालय के कृषि प्रबंधन के साथ वाणिज्यिक विभाग के सहयोग से यूजीसी प्रायोजित अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन सहित अनुसंधान क्रियाप्रणाली कार्यशाला का आयोजन किया गया था।
- ✓ **"लागत प्रतिस्पर्धा और आर्थिक उन्नति", "जीएसटी और स्टार्टअप्सः इंडिया इन मेकिंग" विषय पर** राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन।

- ✓ सोसियो, जर्मनी, चाईल्डहुड जर्मनी के भारत–जर्मन सहयोग से **"सामाजिक प्राथमिकता वार्तालाप सम्मेलन"** का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया।
- ✓ संस्थान के सहयोग से अनुसंधान और प्रकाशन प्रकोष्ठ, स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग, भवानीपुर एजूकेशन सोसाईटी कालेज, कोलकाता द्वारा **"लेखांकन, वित्त और करनिर्धारण में उभरते मुद्दो"** पर स्वर्ण जयंती स्मारक अधिवेशन का आयोजन किया गया।
- ✓ संस्थान ने राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया के एक भाग के रूप में उद्यमिता का सृजन करके स्व–रोजगार सृजित करने के लिए उद्यमिता और कौशल विकास को बढावा देने के लिए चुनिन्दा महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए **"राष्ट्रीय कौशल और उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एनएसईडीपी)"** शुरू करने का एक उत्कृष्ट पहल प्रयास किया।
- ✓ विपिन चन्द्र पोल सेमिनार हॉल, असम विश्वविद्यालय, सिल्चर में **"प्रबंधन और वाणिज्य शिक्षा और उससे आगे –व्यवसायिक शिखर"** विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन–सह–जीवनवृति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- ✓ संस्थान ने पूर्वी रेलवे के लेखा विभाग के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 6 से 9 मार्च, 2017 को जे.एन. बोस ऑडिटोरियम, कोलकाता में **"वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) विषयक कार्यशाला"** का आयोजन किया।
- ✓ भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग(सीसीआई) और संस्थान ने प्रतिस्पर्धी समर्थन रणनीति विकसित करने के लिए एक पथ प्रदर्शक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पहली बार कोलकाता में एक **"संकेन्द्रित सामूहिक विचार–विमर्श (एफजीडी)"** संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- ✓ **"भारतीय रेल – परिवर्तित मौसम में गति से प्रगति"** नामक चौथे पीएचडी वैश्विक रेल अधिवेशन का आयोजन 26 अप्रैल, 2017 को पीएचडी हाउस, नई दिल्ली में किया गया।
- ✓ संस्थान ने पूर्वी रेलवे के लिए 2 से 5 मई, 2017 को कोलकाता में **'वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) विषयक कार्यशाला"** का आयोजन किया।
- ✓ **'वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के प्रभाव का विश्लेषण"** विषयक परिचर्चा का आयोजन 6 मई, 2017 को ईआईआरसी के ऑडोटोरियम में किया गया।
- ✓ **"इंडियन बैंकिंग सिस्टम एट दि क्रोसरोड ऑफ रिफोरमेशन"** शीर्षक 9वें आईसीसी बैंकिंग सम्मेलन, 2017 के प्रारंभिक सत्र का आयोजन 19 मई, 2017 को किया गया।
- ✓ **"गुड गवर्नेस थ्रू गीता एंड एन्सिएंट स्क्रिपचर्स"** विषयक प्रेरणा सत्र का आयोजन 25 मई, 2017 को ईआईआरसी के ऑडोटोरियम में किया गया।
- ✓ संस्थान ने दक्षिणी पूवी रेलवे के अधिकारियों के लिए **'वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) विषयक कार्यशाला"** का आयोजन किया।
- ✓ त्रैमासिक **"अनुसंधान बुलेटिन"** और मासिक **"दि मेनेजमेंट एकाउंटेंट"** पत्रिका का नियमित रूप से प्रकाशन किया गया।
- ✓ बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक, आईआरडीए, सेबी, बीमा कंपनियों के अध्यक्षों के साथ–साथ विभिन्न अन्य औद्योगिक अध्यक्षों को प्रेषित की जाने वाली पत्रिका की मानार्थ प्रतियों के कारपोरेट डाटाबेस का समय–समय पर अद्यतन किया जाता है। इससे हमें अपनी पत्रिकां की बाजार की स्थिति में सुधार लाने में सहायता मिलती है।
- ✓ हमने अपनी पत्रिका की विषय वस्तु को समृद्ध बनाने के लिए गणवत्ता युक्त और संबद्ध लेखों को चुनने का कार्य शुरू कर दिया है।
- ✓ कंपनियों और उद्योगों से विज्ञापन प्राप्त करने के एक प्रयास के रूप में निदेशालय ने मेल, फोन कॉल्स और नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई करने का एक अभियान चलाया है। इस पहल प्रयास के भी अच्छे परिणाम निकले हैं।

11. सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

विभागों द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी मंचों का उपयोग अपने रोजमर्रा के प्रचालनों का कारगर निष्पादन करने और समितियों द्वारा अपने सदस्यों और विद्यार्थियों तक पहुंच बनाए रखने और जानकारी का प्रचार–प्रसार करने के लिए किया जाता है। सूचना प्रोद्योगिकी विभाग ने आगे कदम बढाए हैं और अब वह इन–हाउस जनशक्ति का उपयोग कर रहा है ताकि अनुप्रयोग को बनाया रखा जा सके और उसे विकसित किया जा सके। यह न केवल प्रचालनों की लागत को कम करने में बल्कि आत्म–निर्भरता प्राप्त करने में भी सहायक सिद्ध हुई है।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इस वर्ष किए गए कुछेक पहल प्रयास निम्नानुसार हैं:–

- ✓ मानव संसाधन विभाग को कर्मचारियों के डाटाबेस, उपस्थिति, अवकाश, बाहरी दौरों आदि के प्रबंधन करने में सहायता देने के लिए एक ऑन लाईन मानव संसाधन सूचना प्रणाली विकसित की गई है।
- ✓ इसने पाठ्यक्रम 2016 को शुरू करने के समय आवेदन–पत्रों और विद्यार्थियों की बेवसाईट को अद्यतन बनाने में अध्ययन विभाग को सहायता प्रदान की है।
- ✓ इसने ऑनलाईन दाखिले के साथ–साथ आरसी और चैप्टरों द्वारा दाखिले के लिए विद्यार्थी पंजीकरण प्रणाली में किस्त सुविधा को क्रियान्वित किया है।
- ✓ इसने कंपनियों को अपनी आवश्यकताओं का उल्लेख करने और ऑनलाईन पर अभ्यर्थियों को चुनने की अनुमति देने के लिए बेवासाईट पर नियुक्ति अनुभाग में एक मॉड्यूल जोडा है।
- ✓ इसने पंजीकरण के लिए कार्यक्रम बेवसाईट और ऑनलाईन फार्म विकसित किए हैं जिसे संस्थान के विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए पेमेंट गेटबे के साथ एकीकृत किया गया है।
- ✓ इसने बेवीनार्स विकसित करने के लिए विभिन्न समितियों और विभागों को सहायता दी है। इस वर्ष लगभग 60 अदद बेवीनार्स संचालित किए गए हैं।
- ✓ इसने संस्थान की बेवसाईट पर नॉलिज बैंक में बेवीनार संग्राहलय रिकार्डिंग्स वर्गीकृत की है और उसे उपलब्ध कराया है।
- ✓ इसने ऑनलाईन पोर्टल का डिजायन तैयार किया है और उसे विकसित किया है ताकि विद्यार्थी ऑनलाईन पर पुस्तकें खरीदने में सक्षम हो सकें।
- ✓ इसने आईसीएआई की आईपीए को डोमेन के पंजीकरण करने और अपनी बेवसाईट विकसित और शुरू करने में सहायता दी है।

- ✓ इसने आईसीडब्ल्यूएआई एमएआरएफ को ऑन लाईन फार्मों को विकसित करने/विभिन्न परियोजनाओं का सर्वेक्षण करने और डाटाबेस को मिलाने में सहायता दी है।
- ✓ इसने समाजिक मीडिया मंचों, व्यापक मेल और व्यापक एसएमस द्वारा विभागों और समितियों को न्यूजलेटर भेजने, सदस्यों और विद्यार्थियों को उनके हित की सूचना संप्रेषित करने में सहायता दी है।
- ✓ इसने पेमेंट गेटबे (डेबिट/क्रेडिट कार्डस और नेट बैंकिंग) के एकीकरण के साथ ''मॉडल जीएसटी लॉ इन इंडिया – ट्रेन दि ट्रेनर्स'' के लिए ऑनलाईन फार्म पंजीकरण फार्म विकसित किया है।
- ✓ इसने संस्थान के सदस्यों और विद्यार्थियों के ई–मेल द्वारा जन्म दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करने के लिए बेव आधारित अनुप्रयोग विकसित किया है।
- ✓ इसने राष्ट्रीय सुस्थिर इन्फ्रास्ट्रक्चर अधिवेशन 2017 के लिए ऑनलाईन पंजीकरण फार्म प्रणाली विकसित की है।

12. सतत पेशेवर विकास और लागत प्रबंधन लेखांकन समिति

किए गए विभिन्न पहल–प्रयास निम्नानुसार हैः–

- ✓ सीईपी के तहत संस्थान के सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण हेतु दिशा–निर्देश
- ✓ संस्थान के सभी सदस्यों के लिए सीईटी अध्ययन केंद्रों के लिए दिशा–निर्देश
- ✓ क्षमता निर्माण – कार्यक्रम/वेबिनारों के लिए तकनीकी विशेषज्ञों के पैनल का निर्माण
- ✓ सतत शिक्षा कार्यक्रम
- ✓ वेबिनार
- ✓ संयुक्त कार्यक्रम
- ✓ अध्ययन सर्किल

13. लेखांकन तकनीशियन में प्रमाण–पत्र (कैट)

संस्थान ने लेखांकन के महत्वपूर्ण क्षेत्र में युवाओं के बीच कौशल का विकास करने में ठोस और नवीनतम कदम उठाए हैं। उद्योग के लिए तैयार उम्मीदवार प्रदान करने के लिए संस्थान ने वर्ष 2008 में एक अल्पकालिक रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम – लेखांकन तकनीशियन में प्रमाणपत्र (कैट) शुरू किया है। संस्थान ने उद्योग से सुप्रशिक्षित प्रवेश स्तर पर लेखांकन व्यावसायिकों के लिए अत्यधिक मांग का मूल्यांकन करने के बाद इस पाठ्यक्रम को विकसित किया है। यह पाठ्यक्रम को इस तरीके से विकसित किया गया है जिससे कि इस देश में युवाओं को रोजगार प्राप्त करने के कौशल में सुसज्जित किया जा सके। उदाहरण के लिए हमारे पाठ्यक्रम की विषय वस्तु में जीएसटी को शामिल किया गया है और इससे बाजार की आवश्यकताओं की भी पूर्ति होगी। जबकि इस पाठ्यक्रम को देश भर के लगभग 400 केन्द्रों में शुरू किया गया है, केरल, राजस्थान और आन्ध्र प्रदेश की सरकारों ने अपने राज्यों में रोजगार प्राप्त करने योग्य युवाओं के कौशल का संवर्धन करने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम के एक भाग के रूप में इस संस्थान को लेखांकन तकनीशियनों के पाठ्यक्रम में अपना प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए चुना है। इसके अतिरिक्त संस्थान दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू–जीकेवाई) के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न कौशल विकास परियोजनाओं के लिए एक परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी (पीआईए) के रूप में भी पंजीकृत है। इसके साथ ही संस्थान संपूर्ण वर्ष के दौरान कैट छात्रों के लिए केम्पस नियुक्ति कार्यक्रम का आयोजन भी कर रहा है।

14. प्रशिक्षण और नियुक्ति विभाग

व्यावहारिक प्रशिक्षण योजना, जिसके तहत छात्रों को अंतिम परीक्षा में बैठने से पूर्व 6 माह का अनिवार्य प्रशिक्षण पूरा करना अपेक्षित होता है, से छात्र अपनी अंतिम परीक्षा पूरी करते समय उद्योग के लिए तैयार बनने में समर्थ हो गए हैं।

वर्ष के दौरान प्रशिक्षण से छूट/प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण किए गए विद्यार्थियों की प्रगति इस प्रकार हैः

- ✓ प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत किए गए विद्यार्थियों की संख्या – 1670
- ✓ प्रशिक्षण से छूट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या – 1406

व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विगत वर्ष के दौरान 29 नई कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया है, जिससे अब तक इनकी कुल संख्या 700 हो गई है। सभी पैनलबद्ध कंपनियां छात्रों के लिए आसानी से शहर का चयन करने के लिए संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। छात्रों के साथ–साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए हाल ही में अर्हता प्राप्त इंटरमीडिएट छात्रों को डाटाबेस से लाभान्वित हुए हैं।

अंतिम रूप से योग्यता प्राप्त छात्रों की केम्पस नियुक्ति करना संस्थान का एक सतत क्रियाकलाप है, जो कि प्रत्येक वर्ष में दो बार योग्यता प्राप्त छात्रों को नियुक्ति में सहायता प्रदान करने का एक प्रयास है। वर्ष 2016–17 में अनेक नई कंपनियों ने सीएमए के पूल में से अपने भावी प्रबंधकों की तलाश करने के लिए केम्पस के क्षेत्र में प्रवेश करके लाभ उठाया है। अपने अंतिम परिणाम के बाद इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 1180 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। यह कार्यक्रम समस्त भारत में 9 स्थानों पर आयाजित किया गया था। लगभग 3000 कंपनियों ने हमारे केम्पस से अपने भावी प्रबंधकों को प्राप्त करने के लिए हमसे संपर्क स्थापित किया था। बीईएल, जीएआईएल, एलएंडटी, टाटा मोटर्स, नेशल, विपरो, वेदान्ता, एनएलसी, सेट गोवेन, रिलायन्स इंडस्ट्रीज, गोदरेज जैसे कारपोरेट दिग्गजों और बोयसे, उज्जीवन फाईनांसियल और अनेक अन्य कंपनियों ने इस केम्पस का दौरा किया था। अंतिम परीक्षा में उतीर्ण जिन विद्यार्थियों ने नियुक्ति के लिए विकल्प दिया है, वे इस पहल प्रयास से नियुक्ति प्राप्त करके अपने भविष्य को संवार सकते हैं।

15. सदस्यता विभाग

सदस्यता – एक डिजिटलाईजेशन की दिशा में एक कदम

सदस्य सेवाएं और सेवा समिति के मार्गनिर्देशन में सदस्यता विभाग ने सदस्यों और नए आवेदकों को अच्छी ऑनलाइन सेवा प्रदान करने के लिए प्रयास किया है। संस्थान की वेबसाइट पर सदस्यों की ऑनलाइन सेवा को अत्याधुनिक ऑनलाइन अनुभव प्रदान करने के लिए नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है। इसकी कुछेक विशेषताएं निम्नानुसार हैं:–

- ✓ सदस्यों द्वारा ऑनलाइन भुगतान करने से सुविधा प्रभारों/बैंक प्रभारों में छूट दी जाती है।

✓ सदस्यों के लिए ई–मेल सुविधा के साथ–साथ अन्य समान सुविधा शुरू की गई है।

ऑनलाइन सुविधा https://cmaicmai-in पर उपलब्ध है।

❖ **दाखिल किए गए सदस्य :**

वर्ष	एसोसिएट	फेलो
2012 – 2013	1745	378
2013 – 2014	1906	366
2014 – 2015	2191	362
2015 – 2016	2039	382
2016 – 2017	1684	344

❖ **संस्थान के सदस्यों के लिए हितकारी निधि (एमबीएफ):** विगत दो वर्षों के दौरान एमबीएफ की सदस्य संख्या प्रत्येक चार क्षेत्रों में बडी ।

16. आंतरिक नियंत्रण विभाग

(1) विभाग ने मुख्यालय, दिल्ली कार्यालय, दो क्षेत्रीय परिषदों और 25 लाख रूपए के अधिक कारोबार करने वाले छः चैप्टरों के आंतरिक लेखापरीक्षकों के साथ ही सांविधिक लेखा–परीक्षकों की नियुक्ति के लिए हित की अभिव्यक्ति और लेखा परीक्षा का कार्य–क्षेत्र तैयार किया है।

(2) वित्तीय वर्ष 2016–17 के दोनों अर्ध–भागों के लिए प्रबंधन के उत्तर सहित क्षेत्रों और चैप्टरों की लेखा–परीक्षा रिपोर्टों का संकलन।

(3) दिनांक 18 दिसंबर, 2014 के निविदा दिशानिर्देशों के अनुसार निविदा दस्तावेज का विश्लेषण।

(4) विभिन्न विभागों से उत्सर्जित होने वाले खरीद के विभिन्न प्रस्तावों की जांच, संविदात्मक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव की जांच और ब्रांड विशिष्ट/प्रोपराइटरीज मदों का निर्धारण और डीओपी का क्रियान्वयन सुनिश्चत करना।

17. अंतर्राष्ट्रीय कार्य विभाग

❖ **शामिल क्रियाकलाप:**

✓ एसएएफए आयोजन
✓ सीएपीए आयोजन
✓ जीसीसी सीएमए समिट
✓ एसीसीए
✓ आईएफएसी
✓ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन इत्यादि।

❖ **आईसीएमए बांगलादेश में कार्यशाला**

❖ **संयुक्त कार्यक्रम आईओडी –एसीसीसीए एंड आईसीएआई:**

❖ **सीआईपीएफए के साथ समझौता ज्ञापन:**

❖ **अंतर्राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (आईएसडीसी)**

18. अनुशासनिक निदेशालय

1. लागत एवं कार्य (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21 क के तहत अनुशासन बोर्ड

लागत एवं कार्य लेखाकार (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21 क के तहत संस्थान की परिषद द्वारा अनुशासन बोर्ड का गठन किया गया है। धारा 21 क में अन्य बातों के साथ–साथ यह प्रावधान है कि परिषद एवं अनुशासन बोर्ड का गठन करेगी, जिसमें कानून में विशेषज्ञता वाला एक सदस्य तथा अनुशासनिक मामलों और व्यवसाय का ज्ञान रखने वाला इसका अध्यक्ष, तथा ऐसे दो सदस्य शामिल होंगे जिनमें से एक परिषद का सदस्य होगा और दूसरा सदस्य लागत एवं कार्य लेखाकार अधिनियम, 1959 की धारा 16 की उप–धारा (1) के खंड (ग) के तहत नामित एक व्यक्ति होगा।

अनुशासन बोर्ड की 11वीं बैठक दिनांक 18 मई, 2017को आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता इस संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सीएमए जे. के. पुरी द्वारा की गई थी। तथापि, उक्त बैठक को आस्थगित कर दिया गया था और आस्थगित बैठक का आयोजन 30 जून, 2017 को किया गया था। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अनुशासन बोर्ड ने 06 (छः) शिकायतों का निपटान किया था।

2. लागत एवं निर्माण (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21ख के तहत अनुशासनिक समिति

संस्थान की परिषद द्वारा लागत एवं निर्माण लेखाकार (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21ख के तहत अनुशासनिक समिति का गठन किया गया है। धारा 21 ख में अन्य बातों के साथ–साथ यह कहा गया है कि परिषद एक अनुशासनिक समिति का गठन करेगी, जिसमें परिषद के अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष को अध्यक्ष बनाया जाएगा और दो सदस्य केंद्र सरकार द्वारा नामित किए जाएंगे, जो कि कानून, अर्थशास्त्र, कारोबार, वित्त अथवा लेखाकरण के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति होंगे।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, अर्थात दिनांक 22 जुलाई, 2015 से अब तक की अवधि के दौरान अनुशासनिक समिति ने छः बैठकें आयोजित की हैं। इन बैठकों का आयोजन 23 दिसंबर, 2016, 18 जनवरी, 2017, 3 मार्च, 2017, 7 अप्रैल, 2017, 5 मई, 2017 और 27 जून, 2017 को किया गया था । इन बैठकों में लागत एवं कार्य लेखाकार (व्यावसायिक एवं अन्य दुराचरण और आचार व्यवहार की जांच की प्रक्रिया) नियामवली, 2007 के प्रावधानों के तहत अनेक शिकायतों और सूचनाओं पर विचार किया गया और उन पर कार्रवाई की गई। इन मामलों का निपटान करने में अनुशासनिक समिति ने समानता के सिद्धांत तथा प्राकृतिक न्याय का अनुसरण किया और शिकायतकर्ताओं/प्रतिवादियों को मौखिक अनुरोध करने, यदि कोई हो, के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पक्षकारों को

सुनवाई का अवसर प्रदान किया। अनुशासनिक समिति ने अब तक 07 (सात) शिकायतों और 8 (आठ) सूचनाओं का निपटान किया है।

19. उन्नत अध्ययन निदेशालय

संस्थान द्वारा उन्नत अध्ययन निदेशालय का गठन किया गया है ताकि वित्त और अन्य संबद्ध क्षेत्रों सहित विभिन्न लागत और प्रबंधन लेखाकरण विषयों पर उन्नत ज्ञान और विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

निदेशालय हैदराबाद में स्थित है और संस्थान के सदस्यों को उन्नत पाठ्यक्रमों की तलाश, विकास तथा सुपुर्दगी प्रदान करता है तथा लागत और प्रबंधन लेखाकरण, वित्त और अन्य संबद्ध क्षेत्रों के डोमेन के तहत आने वाले क्षेत्रों में विशिष्ट प्रमाण–पत्र/अर्हता उपरांत पाठ्यक्रमों को तैयार और प्रारंभ करके क्षमता निर्माण के लिए प्रयासरत है।

उन्नत अध्ययन निदेशालय ने निम्नलिखित क्षेत्रों में उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम का दूसरा बैच शुरू किया है:

1. कारोबार मूल्यांकन में डिप्लोमा
2. आंतरिक लेखा परीक्षा में डिप्लोमा
3. सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा और नियंत्रण में डिप्लोमा।

निदेशालय ने प्रबंधन लेखाकरण परीक्षा भी आयोजित करता है, जो कि वार्षिक है और यह केवल दिसंबर माह में आयोजित की जाती है।

यह निदेशालय अब समसामयिक हित के क्षेत्रों में सदस्यों को लाभान्वित करने के लिए अल्प आवधिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रहा है। इसके लिए तौर–तरीकों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। उन्नत अध्ययन निदेशालय उन्नत अध्ययन बोर्ड (बीओएएस) के योग्य मार्गनिर्देशन, निर्देशन और पर्यवेक्षण में संचालन कर रहा है।

20. क्षेत्रीय परिषद और चैप्टर्स समन्वयन समिति

क्षेत्रीय परिषद और चैप्टर्स समन्वयन समिति में सात सदस्य हैं। इसका मुख्य कार्य समन्वय बढाना तथा मुख्यालय, क्षेत्रीय परिषद और चैप्टरों के बीच व्याप्त अंतर को दूर करने के लिए अंतर–संपर्क स्थापित करना है।

इस समिति को सौंपे गए कार्य निम्नानुसार हैं:–

- मुख्यालय, क्षेत्रीय परिषद और चैप्टरों के बीच व्याप्त अंतर को दूर करना।
- प्रचालनात्मक क्षमताओं में सुधार लाना।
- क्षेत्रीय परिषद और चैप्टरों को संस्थान के नियमों और विनियमों का अनुपालन करन के प्रति प्रोत्साहित करना।
- मुद्दों की सक्रियता से पहचान करना और पारस्परिक चिंताओं के मुद्दों और परस्पर विरोधी मुद्दों का निपटान करने में संयुक्त रूप से कार्रवाई को सुकर बनाना।

इस समिति ने वर्ष 2016–17 के दौरान 3 आंतरिक बैठकें, 4 क्षेत्र–वार बैठकें और 1 राष्ट्रीय बैठक आयोजित की हैं और उनमें विभिन्न प्रासंगिक मुद्दों पर परिचर्चा की गई है, जिसके परिणामस्वरूप इन बैठकों में 230 (दो सौ तीस) से भी अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं।

वर्ष 2016–17 के दौरान आयोजित की गई क्षेत्रीय परिषद और चैप्टरों की समन्वय समिति की चार बैठकों की कृत कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) सभी क्षेत्रीय परिषदों और चैप्टरों को परिचालित की गई है।

21. कर–निर्धारण अनुसंधान समिति

कर–निर्धारण अनुसंधान समिति का गठन जुलाई, 2016 में किया गया था। तथापि, वर्ष 2016–17 के लिए समिति के गठन के संबंध में पर्याप्त विवाद थे। कर–निर्धारण समिति अपने क्रियाकलापों का क्रियान्वयन, संस्थान के कर अनुसंधान विभाग (टीआरडी) के माध्यम से करता है।

इसके प्रमुख उददेश्य निम्नानुसार हैं:–

1. उत्तम प्रबंधन लेखांकन पद्धतियों के लिए मार्गनिर्देशी नोट तैयार करना और कर के विभिन्न मामलों का विश्लेषण करना।
2. कर–निर्धारण के क्षेत्र में संस्थान के सदस्यों को व्यावसायिक विकास करने के लिए विभागीय कार्य।
3. व्यवसाय से संबद्ध मामलों के अनुसार विभिन्न कर–निर्धारण से संबंधित मामलों पर बेवीनार्स, संगोष्ठियों और अधिवेशनों आदि का संचालन करना।
4. देश में आर्थिक संवृद्धि को बेहतर बनाने के लिए मंत्रालय को सुझाव देना।
5. कर–अर्थव्यवस्था का प्रभावी मूल्य संवर्धन करने के लिए सीएमए के लिए अवसरों का मूल्यांकन करना।

कर अनुसंधान विभाग द्वारा किए गए और कर–निर्धारण समिति को प्रस्तुत किए गए कुछेक प्रमुख क्रियाक्लाप निम्नानुसार हैं:–

(क) तकनीकी कागजात बनाए गए।

(ख) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के लिए बनाए गए और उसे प्रस्तुत किए गए अभ्यावेदन।

(ग) राजस्व अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करना।

(घ) सदस्यों की क्षमता निर्माण के लिए अखिल भारतीय संपर्क स्थापित करना।

(ड.) व्यापार और उद्योग संघों के सहयोग से संगोष्ठियों का आयोजन करना।

समिति ने शीर्षस्थ कार्यक्रम ''ट्रेन दि ट्रेनर'' के अंतर्गत प्रशिक्षक को विकसित करने का एक विलक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समिति ने सदस्यों के लिए संपूर्ण भारत में सत्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया है। इस शीर्षस्थ कार्यक्रम से समिति ने समस्त भारत में 350 से भी अधिक सदस्यों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है।

22. कौशल और उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ

भारत में कौशल और उद्यमिता के विकास को बढावा और प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न सहायक क्रियाकलाप शुरू करने में सक्षम बनने के लिए दि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (एनएसडीए), जो कि कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत निकाय है, के साथ दिनांक 10 फरवरी, 2015 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। संस्थान मार्च, 2017 से पश्चिम बंगाल में तीन महाविद्यालयों नामतः *महादेवानन्दा, बैरकपुर, चकादाहा कालेज और रामनगर कालेज, पुरबा मेदनीपुर* के साथ राष्ट्रीय कौशल और उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एनएसईडीपी) क्रियान्वित कर रहा है। हिन्दुस्तान एयरोनोटिकल लिमिटेड, हेलीकोप्टर डिवीजन, बैरकपुर द्वारा अपने सीएसआर द्वारा अपने क्रियाकलापों द्वारा इस पहल प्रयास का समर्थन किया जा रहा है। अखिल भारतीय आधार पर एनएसईडीपी कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के

लिए सीएसआर मार्ग के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान करने का एक प्रस्ताव भी दामादर वैली कार्पोरेशन (डीवीसी) को प्रेषित किया गया था। संस्थान के सहयोग से पश्चिम बंगाल में फैले विभिन्न महाविद्यालयों में एनएसईडीपी संगोष्ठियों को आयोजन किया गया है।

23. जीवनवृति परामर्श प्रकोष्ठ

ठोस जानकारी प्राप्त करने और लागत और प्रबंधल लेखाकरण में व्यावसायिक जीवनवृति के लिए प्रयास करने में सक्षम होने के लिए अखिल भारत स्तर पर विद्यालयों/महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में नियमित रूप से जीवनवति परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है।

जीवनवृति परामर्श कार्यक्रम : इसके संक्षिप्त ब्यौरे निम्नानुसार हैं:—

- ✓ वर्ष 2016—17 के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रमों की संख्या — 875 (लगभग)
- ✓ क्षेत्रीय परिषदों के आयोजित किए गए कार्यक्रमों की संख्या — 115 (लगभग)
- ✓ चेप्टरों द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों की संख्या — 460 (लगभग)
- ✓ जीवनवृति परामर्श मास — नवंबर, 2016 मास के दौरान 500 से भी अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

24. अध्यक्ष का कार्यालय

दिल्ली और कोलकाता में स्थित अध्यक्ष का कार्यालय, संस्थान के अध्यक्ष की ओर से संस्थान के विभागों और बाहरी एजेंसियों के साथ विभिन्न कियाकलापों में समन्वय कार्यों में सहायता प्रदान करता है। हालांकि यह इन कियाकलापों में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं होता है, लेकिन सन्वयन कार्यों को सुगम बनाने के लिए अध्यक्ष के कार्यालय ने अपत्यक्ष रूप से अनेक कार्य किए हैं। इसके अतिरिक्त इस विभाग ने परिषद के सदस्यों, संस्थान के विगत अध्यक्षों और उच्च अधिकारियों द्वारा उसे सौंपे गए विभिन्न कार्यों और कियाकलापों को कियान्वित किया है। उसके द्वारा किए गए कुछेक प्रमुख कियाकलाप निम्नानुसार हैं:—

- ✓ आईईसी बैठकों के लिए समन्वयन।
- ✓ विश्व सम्मेलन 2016।
- ✓ संस्थान द्वारा जीएसटी दिवस समारोह पर पुस्तिका का संकलन।
- ✓ नोटबंदी विषय पर संस्थान के पहल प्रयास पर पुस्तिका का संकलन।
- ✓ मंत्रालयों, सरकारी विभागों और एजेंसियों के साथ पत्राचार।
- ✓ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को तकनीकी सहायता।
- ✓ संस्थान के सभी प्रमुख कार्यक्रमों को सहायता।

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,

इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की परिषद

31 मार्च, 2017 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

1. हमने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ("संस्थान") के संलग्न वित्तीय विवरणों जिनमें संस्थान की परिषद द्वारा नियुक्त किए जाने के बाद हमारे द्वारा लेखा परीक्षित 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र और तत्समय समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा तथा नकद प्रवाह का विवरण और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचना, जिसमें संस्थान की परिषद द्वारा हमें लेखा परीक्षा के लिए नियुक्त किए जाने पर हमारे द्वारा लेखा परीक्षित, मुख्यालय के लेखाओं में 162.19 करोड़ रूपए की कुल परिसंपत्ति तथा 51.18 करोड़ रूपए (अंतरक्षेत्रीय/चैप्टर लेन देनों का निबल) का कुल राजस्व समाविष्ट है। 4 क्षेत्रीय परिषदों नामतः एनआईआरसी, ईआईआरसी, डब्ल्यूआईआरसी और एसआईआरसी के लेखा—परीक्षित लेखाओं में 37.04 करोड रूपए की कुल परिसम्पतियां (और 2.95 करोड रूपए का कुल राजस्व) परिलक्षित होती हैं, जिनकी लेखा—परीक्षा अन्य लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है। इनमें उनको भी शामिल किया गया है।

इसके अतिरिक्त इनमें 92 चैप्टरों के वित्तीय विवरण भी शामिल हैं, जिनमें 3 चैप्टरों के लेखा शामिल हैं जिन पर संबंधित लेखापरीक्षकों द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। इस प्रकार इनमें 89.90 करोड रूपए (92 चैप्टरों) की कुल परिसंपतियां और 19.48 करोड रूपए का राजस्व (प्रतिपूर्ति सहित) (92 चैप्टरों) होने का पता चलता है, जिनकी लेखा—परीक्षा, आईसीडब्ल्यूए विनियमन 1959 के विनियम 133 और संस्थान के चैप्टन के उप—नियम के अनुच्छेद 26 के अनुसार संबंधित क्षेत्रीय परिषदों और चैप्टरों के अधिशासी निकायों द्वारा नियुक्त किए गए लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्टें संस्थान के प्रबंधन द्वारा हमें प्रेषित की गई हैं। ऐसे 3 चैप्टरों में जिनके विवरणों पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं, 0.18 करोड रूपए की कुल परिसंपतियां और 0.08 करोड रूपए का राजस्व होने का पता चलता है।

समेकित वित्तीय विवरणों में 9 चैप्टरों के लेखा—परीक्षित लेखा शामिल नहीं हैं, जिनके लिए लेखा—परीक्षित लेखा प्राप्त नहीं हुए हैं। इस संबंध में अद्यतन लेखा—परीक्षित लेखाओं में तुलन पत्र के आंकडों को शामिल किया गया है, जिनके ब्यौरे नीचे दिए गए हैं।

क्रमांक	चैप्टर का नाम	वित्तीय वर्ष 2016—17 में समेकन प्रस्ताव के लिए शामिल लेखा—परीक्षित लेखाओं की सूची
1.	जबलपुर	वर्ष 2015—16
2.	जयपुर—किओन्झार	वर्ष 2015—16
3.	तलचर—अंगुल	वर्ष 2015—16
4.	भद्रावती शिमोगा	वर्ष 2015—16
5.	पाण्डिचेरी	वर्ष 2015—16
6.	आगरा—मथुरा	वर्ष 2015—16
7.	गाजियाबाद	वर्ष 2013—14
8.	नया नंगल	वर्ष 2015—16
9.	नोएडा	वर्ष 2015—16

संस्थान की वर्ष 2016–17 के समेकित वित्तीय विवरणों में 80 लेखा–परीक्षिति चैप्टरों को शामिल किया गया है, जिनमें से 20 चैप्टरों की लेखा परीक्षा चार्टर्ड एकाउंटेंटो और 60 चैप्टरों की लेखा परीक्षा लागत एकाउंटेंटो द्वारा की गई है।

2. वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेवारी

संस्थान का प्रबंधन भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेवार है, जो कि संस्थान की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य–निष्पादन और नकदी लेन–देन की सही और उचित छवि प्रस्तुत करते हैं। इस जिम्मेवारी में संस्थान की परिसंपतियों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकार्ड्स का रख–रखाव करना और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाना और उसकी रोकथाम करना, उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग करना, ऐसे निर्णय लेना और अनुमान लगाना जो कि उचित और तथा विवेकपूर्ण हैं तथा पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का डिजायन बनाना, क्रियान्वयन और अनुरक्षण करना, जो कि लेखांकन अभिलेखों की परिशुद्धता और संपूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावशाली ढंग से प्रचालित हो रहे हैं, ऐसे वित्तीय विवरण, जो धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण वास्तविक गलत बयानी से मुक्त हैं, को तैयार करने के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण को तैयार करना, उसका कार्यान्वयन करना और रखरखाव करना भी शामिल हैं।

3. लेखा परीक्षक की जिम्मेवारी

3.1 हमारी जिम्मेवारी हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने की है । हमने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है। इन मानकों में यह अपेक्षित है कि हम इस बात का उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए कि क्या वित्तीय विवरण वास्तविक गलत बयानी से मुक्त हैं, नैतिक अपेक्षाओं का पालन करते हैं और लेखा परीक्षा की योजना बनाकर उसे संपन्न करते हैं।

3.2 किसी लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरणों में धनराशि और प्रकटनों के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। चुनी गई प्रक्रियाएं धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों में वास्तविक गलत बयानी के जोखिम के निर्धारण सहित लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर होती हैं । इन जोखिमों का निर्धारण करने में लेखा परीक्षक कंपनी द्वारा वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उन्हें निष्पक्ष ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण पर विचार करता है ताकि उन परिस्थितियों में उचित लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं तैयार की जा सकें । किसी लेखा परीक्षा में प्रयुक्त लेखा नीतियों के औचित्य तथा प्रबंधन द्वारा लगाए गए लेखा अनुमानों की तर्कसंगतता और वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन भी शामिल होता है।

हमारा विश्वास है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है, वह उपर्युक्त पैरा 1 में व्यक्त किए गए हमारे अभिमतों और निम्नलिखित पैरा 4 और 7 में दिए गए अभिमतों के साथ पठित हमारी लेखा योग्य परीक्षा राय का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

4. योग्य मत का आधार

4.1 7 चैप्टरों और 1 क्षेत्रीय परिषद से संबंधित 57.73 लाख रूपए मूल्य के फ्रीहोल्ड तथा पट्टे वाली भूमि और भवनों के संबंध में कोई हस्तांतरण विलेख हमारे सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया है। 10 चेप्टरों और 3 क्षेत्रीय परिषद से संबंधित 107.99 लाख रूपए मूल्य के मूल हस्तांतरण विलेख प्रस्तुत नहीं किए गए । 183.40 लाख रूपए मूल्य की 15 संपत्तियों के विलेख कास्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स रेगुलेशन 1959 के विनियम 85 (1) (ई) एवं 99 (एफ) के उल्लंघन में अभी भी चेप्टरों के नाम पर हैं जिसमें 172.08 लाख रू0 मूल्य की 13 संपत्तियां शामिल हैं, (जिनके लिए मूल हस्तांतरण विलेख प्रस्तुत नहीं किए गए हैं)।

4.2 इंदौर देवास चैप्टर से संबंधित भूमि और भवन का मूल पट्टा विलेख नई समिति के कब्जे में नहीं है क्योंकि यह अभी उन्हें सौंपे नहीं गए हैं। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रिक मीटर भी चैप्टर के नाम पर नहीं है। इन्दौर नगर निगम (आईएमसी) ने परिसम्पति का अधिग्रहण करने से लेकर अभी तक संस्थान के नाम पर कोई परिसम्पति कर बिल नहीं जारी किया है।

4.3 वर्तमान लेखाओं और चैप्टरों के अंतर्गत दर्शाए गए 93.27 लाख रूपए की राशि पर क्षेत्रीय परिषदों और चैप्टरों से कोई संपुष्टि प्राप्त नहीं हुई है।

4.4 पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद (ईआईआरसी) ने वर्ष 2014–15 से तुलन पत्र में 1,60,44,103.00 रुपए की पूंजी डब्ल्यू.आई.पी. दर्शाई है, हालांकि उक्त मदों का उपयोग पहले से ही वित्तीय वर्ष 2015–16 में होना बताया गया है। ऐसे संवर्धन के लिए मूल्यह्रास के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इससे राजस्व व्यय की गलत बयानी और अचल परिसंपतियों बढा चढा कर उल्लिखित करने का पता चलता है, जिसकी मात्रा का निर्धारण नहीं किया गया है।

4.5 संस्थान ने भुगतान के आधार पर ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण के लिए देयता की जिम्मेदारी ली है। भुगतान के आधार पर ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण के लेखांकन के प्रभाव का इस स्थिति में सुगमता से पता नहीं लगाया जा सकता है और न ही उसकी मात्रा का निर्धारण किया जा सकता है।

5. योग्य रायः

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम सूचना के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपर्युक्त पैरा 1 में दी गई हमारी टिप्पणियों के अध्यधीन और ''योग्य मत का आधार पैरा'' के लिए पैरा 4 में वर्णित मामलों के संभावित प्रभावों के अध्यधीन और उनके सिवाय तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों व अनुसूची 16 में दी गई लेखाओं संबंधी टिप्पणियों के साथ पठित निम्नांकित पैरा 7 में 21,000 रूपए तक का वेतन पाने वाले कर्मचारियों के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) का पंजीकरण नहीं कराने के संबंध में में दी गई हमारी टिप्पणियों के अनुसार 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के वित्तीय विवरण यथा अपेक्षित पद्धति में अधिनियम द्वारा अपेक्षित सूचना देते हैं और भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार सही और स्पष्ट छवि प्रस्तुत करते हैं:

(क) दिनांक 31 मार्च, 2017 को संस्थान के कार्यों की स्थिति के तुलन–पत्र के मामले में;

(ख) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखे, आधिक्य के मामले में; और

(ग) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह के नकदी प्रवाह विवरण के मामले में।

6. **मामले का प्रतिबल**

हम निम्नलिखित मामलों की ओर ध्यान आकर्षित कराते हैं जिनमें संस्थान के वित्तीय विवरणों से संबंधित अनिश्चितताओं का उल्लेख है। इन मामलों के संबंध में हमारी राय योग्य नहीं है।

6.1 **पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद (डब्ल्यूआईआरसी)**

